# राकेश टिकैत को धमकी देने वाला गिरफ्तार : साइबर क्राइम पुलिस ने पकड़ा

## गुमराह करने को किसी और को दे दिया था फोन

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले अमित चौधरी को साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करके टिकैत का सिर कलम करने वाले को इनाम देने की घोषणा की थी। पुलिस ने इस वीडियो पर संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज किया था। एडीसीपी आदित्य कुमार ने बताया कि साइबर क्राइम थाना में बीएनएस और आईटी एक्ट की धारा के तहत भारतीय किसान यूनियन अटल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सोशल मीडिया पर जारी बयान को हटवाने के लिए मेल भेजा गया था। सर्विलांस की मदद से आरोपित की लोकेशन सिकंदरा के अरतौनी क्षेत्र में मिली। साइबर क्राइम थाना



पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल कब्जे में लिया। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो मोबाइल में मिला। पुलिस ने आरोपी से पूछा कि उसने ऐसा क?यों किया। उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं था। उसने पुलिस से कहा कि धमकी दी थी और उसे कोई पछतावा नहीं है। पुलिस तो टिकैत की खास है। उसकी बातें सुनकर पुलिस हैरान रह गई। जिन धाराओ राओं में मुकदमा दर्ज है उनमें सात साल से कम सजा का प्रावधान है। आरोपित की बातें सुनकर पुलिस ने माना कि इसे छोड़ा गया तो कोई घटना कर सकता है। पुलिस ने आरोपी को लिखापढ़ी में गिरफ्तार दिखाया। उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस यह मान रही है कि सोशल मीडिया पर बेतुका बयान चर्चाओं में आने के लिए जारी किया गया था। अमित चौधरी के आपराधिक इतिहास के बारे में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपित के सोशल मीडिया अकाउंट भी ब्लाक कराने के लिए रिपोर्ट भेजी गई है।

**गुमराह करने को फोन किसी और को दे दिया**

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने गुमराह करने के लिए अपना फोन किसी और को दे दिया था। इसके चलते इसकी सही लोकेशन नहीं मिल रही थी। वहीं, आरोपी के एक नंबर पर कोई इसके नाम से लगातार लोगों से बात कर रहा है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मृत्यु, परिजनों में मचा कोहराम

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** जनपद के फतेहाबाद स्थित बिजोलपुरा खण्डेर के एक युवक की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। युवक की मृत्यु का समाचार मिलते ही युवक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान डा. श्यामराज चौहान पुत्र डॉक्टर गुड्डू चौहान के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉक्टर गुड्डू चौहान भदरौली में अपना क्लीनिक चलाते हैं। उनका पुत्र श्यामराज चौहान भी अक्सर अपने पिता की मदद के लिए क्लीनिक पर आ जाता है। वाक्या रात्रि लगभग 9 बजे का है, श्यामराज चौहान मोटर साइकिल से घर जाने के लिए क्लीनिक से निकले थे। उनकी मोटर साइकिल स्याहीपुरा पहुंची ही थी कि तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना में मोटर साइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और युवक श्यामराज चौहान बुरी तरह से घायल हो गया। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल श्याम राज चौहान को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रही थी, लेकिन बुरी तरह से घायल श्याम राज चौहान ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। अस्पताल में डॉक्टरों ने श्याम राज चौहान को मृत घोषित कर दिया। देर रात पुलिस ने श्याम राज चौहान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। श्याम राज चौहान की सड़क दुर्घटना में मृत्यु का समाचार उसके घर पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक श्यामराज की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी पत्नी और परिजन छाती पीट पीट कर श्याम राज चौहान की मृत्यु पर विलाप करते हुए बिलख बिलख कर रोने लगे। देखते ही देखते मृतक के घर पर परिजनों और पड़ोसियों की भीड़ लग गई। हर कोई युवक की मृत्य से गमगीन नजर आ रहे था। मृतक के पिता डॉक्टर गुड्डू चौहान ने बिलखते हुए बताया कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है कि उनका पुत्र अब इस दुनिया में नहीं रहा। उन्होंने रोते हुए कहा कि उनके बुढ़ापे का सहारा छिन गया है। मृतक युवक के पड़ोसियों ने बताया कि मृतक युवक बहुत ही होनहार युवक था और सामाजिक कार्यों में महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा था। उन्होंने बताया कि वो मिलनसार और मृदुभाषी होने के कारण सभी का चहेता था। काल के क्रूर हाथों ने श्याम राज चौहान को हमसे हमेशा के लिए दूर कर दिया। ईश्वर मृतक की दिव्यात्मा को अपने चरणों में स्थान दे।

# अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र (सीआईपी) पेरू के बोर्ड का 22 सदस्यीय दल आज आलू फार्म सींगना का करेगा भ्रमण

**जनपद आगरा में अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र (सीआईपी) की होगी जल्द स्थापना बी0एल0 मीणा अपर मुख्य सचिव, उद्यान, रेशम एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग तथा रमन अबराल, सीनियर एडवाईजर साउथ एशिया, (सीआईपी) रहेंगे बोर्ड सदस्यों के साथ मौजूद**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र (सीआईपी) के 22 सदस्यीय बोर्ड सदस्यों द्वारा कल दिनांक 21-05-2025 को जनपद आगरा में ताजमहल एवं आलू फार्म सींगना का भ्रमण किया जायेगा। निरीक्षण, भ्रमण उपरांत बोर्ड के सदस्यों के साथ बैठक भी प्रस्तावित है, उपनिदेशक उद्यान डा0 धर्मपाल जी ने बताया कि आगरा में ताजमहल एवं आलू फार्म सींगना के उक्त एक दिवसीय भ्रमण के लिए अन्तर्राष्टीय आलू केन्द्र (सीआईपी) के बोर्ड सदस्यों के साथ श्री रमन अबराल, सीनियर एडवाईजर साउथ एशिया (सीआईपी) तथा श्री बी0एल0 मीणा जी, अपर मुख्य सचिव, उद्यान, रेशम एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश भी मौजूद रहेंगे। सींगना प्रक्षेत्र, आगरा अंतर्राष्टीय आलू केन्द्र, पेरू बोर्ड के सदस्यों द्वारा सींगना केंद्र के निरीक्षण उपरांत संबंधित विभागों के साथ बैठक भी प्रस्तावित की गई है। जनपद में जल्द ही अंतर्राष्टीय आलू केन्द्र, पेरू की शाखा स्थापित होगी जिसमें नवीन तकनीकी से आलू बीज उत्पादन, आलू कृषि उपज में वैज्ञानिक तकनीकी के प्रयोग से गुणवत्ता में सुधार,कृषकों को प्रशिक्षण, निर्यात आदि सुविधा मिलेगी।

# आवारा श्वानों के आतंक पर जल्द लगेगी लगाम, बनाया एबीसी प्लान

- एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर में आवारा श्वानों की हो रही नसबंदी, वैक्सीनेशन का कार्य
- आगरा नगर निगम द्वारा अब तक कुल 3540 कुत्तों का हो चुका है वैक्सीनेशन
- योगी सरकार ने 1.65 करोड़ की लागत से आगरा में बनाया प्रदेश का पहला एबीसी सेंटर

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** ताजनगरी में आवारा श्वानों के आतंक पर जल्द ही लगाम लगने वाली है। आवारा श्वानों के आतंक से निजात दिलाने के लिए आगरा नगर निगम द्वारा जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। एनीमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) प्लान के तहत मेल डॉग की नसबंदी की जाएगी। इसके लिए योगी सरकार के द्वारा लगभग 1.65 करोड़ की लागत से शहर में प्रदेश का पहला एनिमल बर्थ कंट्रोल व डॉग्स केयर सेंटर बनाया है। जलेसर रोड पर बने इस सेंटर पर फरवरी के अंतिम सप्ताह से सर्जरी, वैक्सीनेशन हो रहा है। आगरा नगर निगम द्वारा अब तक कुल 3540 कुत्तों का वैक्सीनेशन हो चुका है। आगरा शहर में श्वानों की बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण करने के लिए जलेसर रोड पर दो हजार स्क्वायर मीटर में एनिमल बर्थ कंट्रोल व डॉग्स केयर सेंटर (एबीसी सेंटर) तैयार कराया गया है। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि एनिमल बर्थ कंट्रोल व डॉग्स केयर सेंटर में आवारा श्वानों की नसबंदी, वैक्सीनेशन का कार्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में आवारा श्वानों की संख्या 90 हजार के आसपास थी, जो अब एक लाख की पार कर गई है। वहीं 50 से 60 हजार पालतू श्वान हैं। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 3540 कुत्तों का वैक्सीनेशन हो चुका है। शहर के विभिन्न क्षेत्र से आने वाली शिकायतों को भी निपटाया जा रहा है। आवारा श्वानों के आतंक से निजात दिलाने के लिए आगरा नगर निगम द्वारा जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। एनील बर्थ कंट्रोल (एबीसी) प्लान के तहत मेल डॉग की नसबंदी की जाएगी। इसके लिए दो एनजीओ को जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर के पॉश कॉलोनियों से लेकर बस्तियों तक ये आवारा श्वान लोगों की रोज नुकसान पहुंचाते हैं। कमला नगर, लोहामंडी, आवास विकास कॉलोनी, शास्त्रीपुरम, सिकंदरा, महर्षि पुरम, लॉयर्स कॉलोनी, खंदारी, ताजगंज सहित अन्य क्षेत्रों में रोज दोपहिया वाहन चालक श्वानों के दौड़ाने से चोटिल होते हैं। लोहा मंडी, मंटोला सहित आसपास के कुत्ते सर्वाधिक खूंखार है। यहां बच्चे और बड़े आवारा श्वानों के आतंक से परेशान है। जिला अस्पताल में रोजाना 400 के आसपास डॉग बाइट के केस पहुंच रहे हैं।

# अधिवक्ता दस्तावेज लेखकों की हड़ताल जारी, बजाए थाली और लोटा

## निबंधन विभाग में निजीकरण के विरोध में 18वें दिन भी जारी रही हड़ताल, नहीं हुए बैनामा

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** निबंधन विभाग के निजीकरण के विरोध में आगरा की 6 तहसीलों के अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक, स्टांप वेंडर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल 18वें दिन भी जारी रही। मंगलवार को भी निबंधन विभाग में बैनामा नहीं हो पाए। इसके साथ ही तहसीलों का कामकाज भी प्रभावित रहा। तहसील में अधिवक्ताओं के चैंबर खाली पड़े हैं। निबंधन विभाग को अब तक लगभग 80 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो गया है। अधिवक्ताओं ने मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान थाली और लौटा बजाए। जिससे कि सरकार उनकी आवाज सुन सके।

**मुकदमों की सुनवाई नहीं हो पा रही**

हड़ताल की वजह से राजस्व के मुकदमों में भी सुनवाई नहीं हुई। उत्तर प्रदेश सरकार निबंधन कार्यालयों में विलेख पंजीकरण के लिए पीपीपी माडल पर फ्रंट आफिस बनाने जा रही है। इसके साथ ही निबंधन मित्रों की भर्ती के साथ ही यहां का कामकाज निजी हाथों में सौंपने की तैयारी है। अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक, स्टांप वेंडर सभी इसका विरोध कर रहे हैं। इसके चलते वे हड़ताल पर हैं। न्यायिक कार्य से रहे विरत इसकी वजह से आगरा की तहसीलों में स्थित निबंधन विभाग के कार्यालयों में बैनामा नहीं हो पा रहे। अधिवक्ता अपनी मांग पूरी न होने तक हड़ताल खत्म करने को तैयार नहीं हैं। मंगलवार को भी अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक, स्टांप वेंडर हड़ताल पर रहे। सदर तहसील सहित अन्य तहसीलों में भी किसी भी प्रकार का कोई निबंधन एवं न्यायिक कार्य नहीं किया।

हड़ताल का नेतृत्व कर रहे सदर तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव अरविंद कुमार दुबे ने कहा कि 3 मई से चली आ रही हड़ताल को अनिश्चितकाल तक के लिए रहेगी। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक अधिवक्ता कोई कार्य नहीं करेंगे।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने व बालिका को बंधक बनाकर रखने वाले अभियुक्त को थाना मंटोला पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार। वादिया द्वारा थाना मंटोला पर सूचना दी गयी कि वादिया की पुत्री जिसकी उम्र 14 वर्ष है। दिनांक 13.05.2025 सुबह स्कूल में जाने के लिए घर से गयी थी, तभी पडोस में रहने वाला राहुल मोटरसाइकिल से वादिया की बेटी का पीछा करने लगा और गंदे गंदे कमेंट करने लगा बिजलीघर चौराहे पर पहुचते ही राहुल ने वादिया की बेटी को रोककर जान से मारने की धमकी देते हुए जबरन बहला फुसला कर सागा एम्पोरियम बसई के पास बस्ती में एक मकान के कमरे मे ले गया और वादिया की बेटी के साथ छेड़छाड़ करते हुए जबरदस्ती करने लगा और लगभग 03 घंटे तक वादिया की बेटी को बंधक बनाकर रखा और शादी करने का दबाव बनाया। वादिया के परिवार के लोगों द्वारा विरोध करने पर वह गाली गलौच व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मंटोला पर मुकदमा संख्या 30/25 धारा 74/75/76/778/65/126(2)/115(2)352/351(3)/127(2)/ 333 885 व 3/4 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करते हुए दूष्कर्म का प्रयास करने की घटना में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना मंटोला पर पुलिस टीम का गठन किया गया। 20 मई को थाना मंटोला



पर गठित पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले अभियुक्त राहुल पुत्र स्व0 प्यारेलाल निवासी दो नल वाली गली कंगालपाडा थाना मंटोला को उसके घर से गिरफ्तार किया। विवेचना के दौरान व पीड़िता द्वारा दिये गये बयान के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा 65 का लोप कर धारा 65/62 बीएनएसएस की बढोत्तरी की गयी तथा अभियोग मे 3/4 पाक्सो एक्ट के स्थान पर धारा 18/3/4(2) पॉक्सो एक्ट परिवर्तन किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक मंटोला सत्यदेव शर्मा एसआई अवधेश सिंह और प्रवीन कुमार अक्षय कुमार शामिल रहें।

# सुप्रीम कोर्ट में नौकरी के नाम पर ठगी: 10 लाख रुपए लेकर दे दिया फर्जी ज्वाइनिंग लेटर, सुप्रीम कोर्ट जाने पर पता चला

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** सुप्रीम कोर्ट में नौकरी के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। न्यू आगरा के रहने वाले व्यक्ति से शातिर ने नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रुपए की रकम ऐंठ ली। इसके बाद फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दे दिया। पीड़ित सुप्रीम कोर्ट में ज्वाइनिंग के लिए पहुंचा, तब उसे हकीकत पता चली। न्यू आगरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। नगला पदी न्यू आगरा के रहने वाले घनश्याम सिंह का आरोप है कि उनके पड़ीस में रहने वाले प्रकाश चंद्र कश्यप ने बेटे की सुप्रीम कोर्ट में जूनियर कोर्ट असिस्टेंट के पद पर नौकरी लगवाने की बात कही। इसके लिए उन्होंने कई बार में पेटीएम, नगद में उनसे 10 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद 15 मार्च 2024 को उन्होंने मेरे बेटे प्रवीण चौधरी के नाम से ज्वाइनिंग लेटर भी दे दिया। जब वो ज्वाइनिंग लेटर को लेकर नई दिल्ली सुप्रीम कोर्ट में एडिशनल रजिस्ट्रार के कार्यालय में पहुंचे 7 वहां पर पता चला कि ज्वाइनिंग लेटर तो फर्जी है। इसके बाद जब प्रकाश चंद कश्यप से बात कि तो उसने कहाकि वो रुपए वापस कर देगा। 28 अप्रैल 2024 की तारीख का आईडीएफसी बैंक का चेक दिया। जब चेक को बैंक में डाला तो वो बाउंस हो गया। दोबारा प्रकाश चंद से बात कि तो उसने कहाकि वो ऐसे ही ठगी करता है। अगर रुपए मांग तो जान से मरवा दूंगा या झूठे मुकदमे में फंसवा दूंगा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता: 25,000 का इनामी हत्यारा गोपाल सिंह गिरफ्तार, एसटीएफ लखनऊ ने भी दिया साथ

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** कमिश्नरेट आगरा पुलिस को वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता मिली है। आज, 20 मई 2025 को खेरागढ़ थाना पुलिस और एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने ?25,000 के इनामी बदमाश गोपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। गोपाल सिंह चंदौली जिले के धानापुर थाना क्षेत्र में 1 मई 2025 को हुई राजकुमार यादव की हत्या के मामले में वांछित था। पुलिस आयुक्त आगरा दीपक कुमार के सख्त आदेशों के बाद, पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन अतुल शर्मा और सहायक पुलिस आयुक्त खेरागढ़ इमरान अहमद के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि हत्या का आरोपी गोपाल सिंह कहीं बाहर भागने की फिराक में है। इसी सूचना पर खेरागढ़ पुलिस टीम और एसटीएफ लखनऊ की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए, आज सुबह करीब 03~40 बजे डूगरबाला तिराहे से (34) वर्षीय गोपाल सिंह निवासी ग्राम बूढेपुर, थाना धानापुर, जनपद चंदौली) को गिरफ्तार कर लिया।

**बरामदगी और आगे की कार्रवाई**

गिरफ्तार अभियुक्त गोपाल सिंह के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं। इस बरामदगी के आधार पर, खेरागढ़ थाने में अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा संख्या 71/2025 भी दर्ज किया गया है। पुलिस ने नियमानुसार बरामद माल को कब्जे में लेकर गोपाल सिंह को माननीय न्यायालय के समक्ष भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम**

इस महत्वपूर्ण गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली टीम में खेरागढ़ थाने के प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक रवि प्रकाश, उपनिरीक्षक अजय सरोज, उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार, उपनिरीक्षक अनुज कुमार, कांस्टेबल शिवराज और एसटीएफ लखनऊ की टीम शामिल थी।

# जिला अस्पताल में सर्जरी के मांगे 2300 रुपए- डॉक्टर और कंपाउंडर पर पैसे मांगने का आरोप, मरीज ने सीएमएस से की शिकायत

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जिला अस्पताल में एक मरीज ने सीएमएस से शिकायत की है कि उससे सर्जरी के नाम पर 2300 रुपए मांगे गए। सर्जरी की रसीद भी 300 रुपए की दे रहे थे। मरीज का आरोप है कि डाक्टर और कंपाउंडर ने यह मांग रखी। सीएमएस जांच की बात कर रहे हैं। धनौली निवासी राम खिलाड़ी (60) 14 मई को जिला अस्पताल में हाथ की कलाई में निकल रही हड्डी को दिखाने के लिए पहुंचे। पर्चा बनवाने के बाद उन्होंने कमरा नंबर 207 में डॉक्टर को दिखाया। डाक्टर ने मरीज को देखकर सर्जरी कराने की सलाह दी। राम खिलाड़ी सर्जरी के लिए तैयार हो गया। सर्जरी से पहले होने वाली जांच लिख दी और उन जांचों को कराने को कहा। मरीज द्वारा सभी जांचें कराई गई। 15 मई को जांच की रिपोर्ट मिलने के बाद मरीज डाक्टर को रिपोर्ट को दिखाने पहुंचा। जांच रिपोर्ट देखने के बाद डाक्टर ने 17 मई को सर्जरी कराने के लिए आने के लिए कहा। राम खिलाड़ी 17 मई को सर्जरी के लिए पहुंचे। वे अकेले पहुंचे थे, इसलिए सर्जरी नहीं की गई।

**सोमवार को बहू के साथ पहुंचे**

सोमवार को राम खिलाड़ी अपनी बहू ज्योति बघेल के साथ सर्जरी कराने के लिए पहुंचे। कमरा नंबर 207 में डाक्टर के पास बैठे स्टाफ के कर्मचारी ने 2300 रुपए मांगे। इसकी शिकायत मरीज ने सीएमएस राजेंद्र अरोरा से की। सीएमएस ने मरीज के साथ कर्मचारी को भेजकर रुपए मांगने वाले व्यक्ति को बुलाया। डॉक्टर से भी सवाल किए गए।



**बाहर ले जाकर मांगे रुपए**

मरीज राम खिलाड़ी ने बताया कि कमरा नंबर 207 में बैठे डाक्टर ने पर्चे पर सर्जरी लिख दी। उनके पास बैठा एक व्यक्ति कमरे से बाहर ले गया। उस व्यक्ति ने 2300 रुपए मांगे और 300 रुपए की रसीद देने की कहा। 2 हजार रुपए की रसीद देने की मना कर दिया। सीएमएस का कहना है कि शिकायत मिली है। जांच की जा रही है।

# खून के रिश्तों पर भारी लालच: बेटे ने मां-बाप को घर से निकाला, बुज़ुर्ग दंपत्ति की अपील- हमें बचा लो

## मुख्यमंत्री पोर्टल तक गुहार, प्रशासन से भी की शिकायतें, लेकिन अब तक नहीं मिली कोई राहत

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** कभी जिस बेटे की किलकारी पर मां-बाप ने अपनी दुनिया बसाई, आज उसी ने उन्हें सड़क पर ला खड़ा किया। यह हृदयविदारक पीड़ा अवधपुरी निवासी गोपाल बाबू शर्मा और उनकी पत्नी रागिनी शर्मा की है, जिन्हें उनके सगे बेटे अंचित उर्फ इलू ने मानसिक, आर्थिक और शारीरिक उत्पीड़न के बाद अपने ही घर से बाहर निकाल दिया। अब यह बुजुर्ग दंपत्ति दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। वाटरवर्क्स स्थित अतिथिवन होटल में इस दंपति ने अपनी व्यथा मीडिया के समक्ष बयां की। आंखों में आंसू लिए रागिनी शर्मा ने कहा, पति की पूरी जमा पूंजी और पेंशन का पैसा बेटे ने खत्म कर दिया। बहू अंकिता शर्मा आए दिन हमें झूठे दहेज के मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है। दो साल से हम किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं और पति की तबियत लगातार बिगड़ती जा रही है। गोपाल बाबू शर्मा, जो प्रतापनगर डाकघर में पूर्व सरकारी कर्मचारी रहे हैं, ने कहा कि बुढ़ापे में ये जिल्लत बर्दाश्त से बाहर है। हर महीने मकान की 14 हजार रुपये किश्तें भी मैं भर रहा हूं, मगर बेटा अब उसी मकान को हड़पना चाहता है। फोन पर रोज धमकियां मिलती हैं। मैंने बेटे को कानूनी रूप से बेदखल कर दिया है, लेकिन प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया। हमें डर है कि बेटा और बहू कभी भी हमारी हत्या कर सकते हैं।बुजुर्ग दंपत्ति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर डीएम और एसएसपी आगरा तक शिकायतें की हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। इस बुजुर्ग दंपति का दर्द इस बात का गवाह है कि आज के समाज में खून के रिश्ते भी स्वार्थ और संपत्ति के सामने हारने लगे हैं।

# हिन्दू महासभा ने विदेश मंत्री एस जय शंकर के बयान का किया समर्थन, कहा- विपक्षी दल विकृत मानसिकता से ग्रसित

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा/ नई दिल्ली।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने विपक्षी दलों को विकृत मानसिकता से ग्रस्त घोषित करते हुए विदेश मंत्री एस जय शंकर के बयान का खुलकर समर्थन किया है। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा विदेश मंत्री के बयान को लेकर देश में जो भ्रम फैला रहे है, वो उनकी विकृत मानसिकता का परिचायक है। हिन्दू महासभा देश के विदेश मंत्री एस जय शंकर के बयान का खुलकर समर्थन करती है। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री के बयान को लेकर विपक्ष दल उन्हें देश विरोधी साबित करने का कुप्रयास कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विपक्षी दलों के इस प्रलाप के पीछे अमेरिका और पाकिस्तान का कोई देश विरोधी छिपा एजेंडा हो सकता है। युद्ध के दौरान ऐसे गलत संदेश से देशवासियों को भ्रमित करने की कोशिश केंद्र सरकार को अस्थिर और देश को कमजोर करने का कोई बड़ा षडयंत्र प्रतीत होता है। जारी बयान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि विपक्षी दलों को समझना होगा कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध नहीं वरन पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों और उनके ठिकानों को नष्ट करने का एक सैन्य अभियान है। ऑपरेशन सिंदूर के स्थगन की घोषणा के बाद भी भारतीय सेना पाकिस्तानी आतंकवादियों को ढूंढ ढूंढ कर मारते हुए अपने शौर्य से देशवासियों को गौरवान्वित कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान पोषित आतंकवादी ठिकानों और आतंकवादियों को नेस्तनाबूद किए बिना रुकने वाला नहीं। राष्ट्रीय महामंत्री ललित अग्रवाल ने कहा कि पाकिस्तान को बताकर सेना द्वारा लक्षित आतंकवादियों और आतंकी ठिकानों को नष्ट करना कैसे अनुचित हो सकता है। विदेश मंत्री एस जय शंकर प्रसाद ने न तो कुछ भी अनुचित किया है और न ही अनुचित कहा है। हिन्दू महासभा और देश के करोड़ों देशभक्त नागरिक अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री जय शंकर प्रसाद, भारत सरकार और भारतीय सेना और उनके सभी निर्णयों के साथ खड़े हैं और खड़े रहेंगे। हिन्दू महासभा देशवासियों को विपक्षी दलों के दुष्प्रचार से भ्रमित नहीं होने देगी। हिन्दू महासभा पूरे देश में विपक्षी दलों का अमेरिका और पाकिस्तान परस्त चेहरा उजागर करेगी।



# रणबीर कपूर की रामायण से जुड़ीं काजल अग्रवाल, निभाएंगी ये अहम किरदार



नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म रामायण की पिछले लंबे समय से चर्चा हो रही है। जब से रणबीर कपूर की इस फिल्म का ऐलान हुआ है, प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर है। फिल्म में रणबीर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं साई पल्लवी को माता सीता के किरदार के लिए चुना गया है। सुपरस्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका में दिखाई देंगे। अब रामायण में अभिनेत्री काजल अग्रवाल की एंट्री हो चुकी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अब काजल फिल्म रामायण की स्टार कास्ट में शामिल हो गई हैं। वह फिल्म में रावण (यश) की पत्नी मंदोदरी की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म होने वाली है। यह पहला मौका पर जब यश और काजल एक साथ स्क्रीन साझा करेंगे। इससे पहले खबर आई थी कि मंदोदरी की भूमिका के लिए अभिनेत्री साक्षी तंवर से बातचीत चल रही है। हालांकि, उन्होंने खुद इन अफवाहों का खंडन किया। लक्ष्मण के किरदार के लिए पहले ही रवि दुबे के नाम पर मुहर लग चुकी है। विभीषण की भूमिका के लिए विजय सेतुपति से संपर्क किया गया है। सनी देओल भगवान हनुमान बने नजर आ सकते हैं। इसके अलावा रकुल प्रीत सिंह फिल्म में शूर्पणखा की भूमिका में दिखाई देंगी। रामायण का पहला भाग दिवाली, 2026 में रिलीज किया जाएगा, वहीं फिल्म का दूसरा भाग ठीक एक बाद यानी 2027 में दिवाली के मौके पर ही दर्शकों के बीच आएगा।

## पूनम पांडे ने शेयर की बोल्ड तस्वीरें, ओवरसाइज्ड स्वेटर और लॉन्ग बूट्स में दिखा स्टाइलिश अंदाज़

पूनम पांडे एक बार फिर अपने ग्लैमरस लुक को लेकर सोशल मीडिया पर छा गई हैं. उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ बोल्ड तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह डीप नेक ओवरसाइज्ड स्वेटर, ब्लैक अंडरगारमेंट्स और लॉन्ग बूट्स में नजर आ रही हैं. तस्वीर के कैप्शन में उन्होंने लिखा ङ्क यह मेरा मुझे नहीं पता था कि कैमरा चेहरे पर है है' . पूनम की यह तस्वीर वायरल हो चुकी है और फैंस उनकी बोल्डनेस की जमकर तारीफ कर रहे हैं. कोई उन्हें क्यूट कह रहा है तो कोई वाह और बहुत सुन्दर जैसे कॉमेंट्स कर रहा है. इंस्टाग्राम पर पोस्ट होने के कुछ घंटों में ही इस फोटो पर हजारों लाइक्स और सैकड़ों कॉमेंट्स आ चुके हैं.

पूनम पांडे हमेशा से ही अपने बोल्ड अंदाज़ और बिंदास स्टाइल को लेकर सुर्खियों में रही हैं. इस बार भी उन्होंने अपनी स्टाइलिश अदाओं से फैन्स को इंप्रेस कर दिया है. स्वैग से भरे इस लुक में उन्होंने बालों को दोनों हाथों से पकड़ा हुआ है, जिससे फोटो को एक ड्रामैटिक टच मिला है. सोशल मीडिया पर पूनम का यह अंदाज़ एक बार फिर चर्चा में है और यह साफ है कि वह अपने फैंस को कभी निराश नहीं करतीं. चाहे लुक हो या कॉन्फिडेंस, पूनम पांडे हमेशा बिंदास अंदाज़ में सामने आती हैं और हर बार सुर्खियां बटोर लेती हैं.



# स्टारफिश से जुड़े इन 5 रोचक तथ्यों को जानकर हैरान रह जाएंगे आप



समुद्र की गहराइयों में कई अनोखे जीव रहते हैं, जिनमें से एक है स्टारफिश। इसे कई लोग समुद्री कछुआ समझ लेते हैं। स्टारफिश की लंबाई 2 से 3 फीट होती है और इसकी दो आंखें होती हैं। इसके अलावा स्टारफिश के बारे में कई ऐसे रोचक तथ्य हैं, जिनके बारे में शायद ही आप जानते होंगे। आइए स्टारफिश से जुड़े ऐसे ही कुछ रोचक तथ्यों पर नजर डालते हैं। स्टारफिश की आंखें होती हैं सबसे अनोखी स्टारफिश की आंखें बहुत खास होती हैं। ये आंखें उसके दिमाग की तरह काम करती हैं। स्टारफिश की आंखें उसके हाथों के अंत में होती हैं। इन आंखों की मदद से स्टारफिश अपने हाथों को देखकर समझ सकती है कि वह किस दिशा में जा रही है और उसके आसपास क्या चीजें हैं। इन आंखों के माध्यम से स्टारफिश अपनी दुनिया को समझने और सही दिशा में आगे बढ़ने में सक्षम होती है। स्टारफिश का नहीं होता है दिल स्टारफिश का कोई दिल नहीं होता है। इसके बजाय इसका शरीर पानी पर निर्भर करता है। स्टारफिश अपने शरीर में पानी भरकर इसे अपने हाथों से आगे-पीछे करती है। यह पानी उसके शरीर में मौजूद अंगों को हिलाता है और उन्हें सक्रिय रखता है। इस प्रक्रिया को पानी के दबाव से चलने वाला तंत्र कहा जाता है। स्टारफिश अपने हाथों की मदद से भोजन ढूंढती है और अपने शरीर को नियंत्रित करती है। स्टारफिश का दिमाग भी नहीं होता स्टारफिश का कोई दिमाग नहीं होता है। इसके बजाय इसका शरीर पानी पर निर्भर करता है। स्टारफिश अपने शरीर में पानी भरकर इसे अपने हाथों से आगे-पीछे करती है। यह पानी उसके शरीर में मौजूद अंगों को हिलाता है और उन्हें सक्रिय रखता है। इस प्रक्रिया को पानी के दबाव से चलने वाला तंत्र कहा जाता है। स्टारफिश अपने हाथों की मदद से भोजन ढूंढती है और अपने शरीर को नियंत्रित करती है। स्टारफिश अपनी खोई हुई भुजाओं को उगा सकती है दोबारा स्टारफिश अपनी खोई हुई भुजाओं को फिर से उगा सकती है। अगर किसी कारणवश उसकी कोई भुजा खो जाती है तो कुछ समय बाद वह उसे वापस उगा सकती है। यह प्रक्रिया कुछ हफ्तों या महीनों तक चल सकती है। इस दौरान उसकी खोई हुई भुजा धीरे-धीरे नई भुजा बन जाती है। यह प्रक्रिया स्टारफिश के लिए बहुत जरूरी होती है क्योंकि इससे उसकी खोई हुई भुजा वापस उग आती है और वह सामान्य रूप से जी सकती है। दुनिया भर में पाई जाती हैं स्टारफिश दुनिया भर में लगभग 1,500 प्रकार की स्टारफिश पाई जाती हैं। अलग-अलग प्रकार की स्टारफिश का रंग, आकार और आकार भिन्न होता है। कुछ स्टारफिश नीले रंग की होती हैं, जबकि कुछ गुलाबी, लाल या भूरे रंग की होती हैं। स्टारफिश का आकार भी अलग-अलग होता है। कुछ स्टारफिश गोल होती हैं, जबकि कुछ लंबी और चौड़ी होती हैं।

# जंपसूट खरीदने जा रहे हैं तो इन 5 बातों का रखें खास ध्यान

जंपसूट एक ऐसा परिधान है, जो न केवल आपको स्टाइलिश दिखाता है, बल्कि आरामदायक भी होता है। यह एक ही कपड़े से बना होता है और इसे पहनने में बहुत आसानी होती है। जंपसूट को आप अलग-अलग मौकों पर पहन सकती हैं, चाहे वह रोजमर्रा का हो या खास अवसरों का।

सही फिटिंग और कपड़े का चयन करना जरूरी है ताकि आप दिनभर आरामदायक महसूस करें और स्टाइलिश भी दिखें।

यहां जानिए जंपसूट खरीदते समय ध्यान रखने योग्य बातें।

सही फिटिंग का चयन करें

जंपसूट खरीदते समय सबसे पहले सही फिटिंग का चयन करना जरूरी है।

आपके शरीर के आकार के अनुसार जंपसूट की फिटिंग होनी चाहिए ताकि आप उसमें आरामदायक महसूस करें। ढीला या बहुत टाइट जंपसूट पहनने में असुविधा पैदा कर सकता है।

इसके अलावा सही फिटिंग वाला जंपसूट आपके लुक को भी बेहतरीन बनाता है और आपको आत्मविश्वास देता है।

ध्यान रखें कि जंपसूट की लंबाई और चौड़ाई आपके शरीर के अनुसार होनी चाहिए।

कपड़े की गुणवत्ता पर ध्यान दें

जंपसूट के कपड़े की गुणवत्ता पर ध्यान देना भी बहुत जरूरी है।

सूती, लिनेन या जर्सी जैसे हल्के और आरामदायक कपड़े चुनें, जो आपकी त्वचा को हवा लगने दें और गर्मियों में ठंडक प्रदान करें।

इसके अलावा कपड़े की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए ताकि वह लंबे समय तक टिक सके और बार-बार धोने पर भी अपना आकार न खोए।

सस्ते कपड़ों से बचें क्योंकि वे जल्दी फट सकते हैं या उनका रंग उड़ सकता है।

डिजाइन और रंग का चयन करें

जंपसूट का डिजाइन और रंग भी आपके व्यक्तित्व को दर्शाता है, इसलिए इसे चुनते समय सावधानी बरतें।

सरल और सादा डिजाइन रोजमर्रा के उपयोग के लिए अच्छा रहता है, जबकि रंगों में गहरे और चमकीले दोनों ही अच्छे लगते हैं।

अगर आप पहली बार जंपसूट खरीद रही हैं तो एक सुंदर रंग जैसे काला या नीला चुनें, जो हर मौके पर पहना जा सके। इसके अलावा फूलों के प्रिंट या धारियां भी अच्छे विकल्प हो सकते हैं।

एक्सेसरीज का मेल करें

जंपसूट के साथ सही एक्सेसरीज मिलाना भी जरूरी है ताकि आपका लुक पूरा हो सके। छोटी सी बेल्ट आपकी कमर को हाइलाइट करेगी जबकि बड़े झुमके आपके चेहरे को फ्रेम करेंगे।

इसके अलावा एक छोटा सा क्लच बैग आपके लुक को और भी खास बना सकता है।

अगर आप चाहें तो जंपसूट के साथ फ्लैट सैंडल्स पहन सकती हैं या ऊंची हील्स भी अच्छी लग सकती हैं, यह आपके व्यक्तिगत स्वाद पर निर्भर करता है।

मौसम के अनुसार चुनें

जंपसूट खरीदते समय मौसम का ध्यान रखना बहुत अहम है।

गर्मियों में हल्के कपड़े जैसे सूती या लिनेन चुनें, जो आपको ठंडक देंगे जबकि सर्दियों में ऊनी या वेलवेट जैसे भारी कपड़े अच्छे रहते हैं।

इसके अलावा बारिश के मौसम में पानी से बचाने वाले कपड़े वाला जंपसूट चुनें, जो आपको गीला होने से बचाएगा।

इस तरह आप हर मौसम में स्टाइलिश दिख सकती हैं और आरामदायक महसूस कर सकती हैं।



